प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

01.05.2026/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हिमाचल प्रदेश के पांच दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रवास के आज अन्तिम दिन शिमला स्थित सेना प्रशिक्षण कमान का दौरा कर सैन्य अधिकारियों के साथ बैठक की इसके पश्चात राष्ट्रपति दिल्ली के लिए रवाना हो गई। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू 27 अप्रैल को शिमला पहुंची थीं। इससे पहले कल शाम राष्ट्रपति ने छराबड़ा स्थित राष्ट्रपति निवास द रिट्रीट में 'एट होम' का आयोजन भी किया, जिसमें कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। अधिक व्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता.....

नगर निगम चुनाव

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 51 शहरी निकायों के लिए जिसमें 4 नगर निगम, 25 नगर परिषदों व 22 नगर पंचायतों में 17 मई को होने वाले चुनावों के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के दूसरे दिन कल 5 सौ 35 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। इसमें सबसे अधिक 98 नामांकन कांगड़ा जिला में दाखिल किए गए जबकि जिला हमीरपुर में सबसे कम 27 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इससे पहले नामांकन के पहले दिन कल 155 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए थे।

बुद्ध पूर्णिमा

देश सहित प्रदेशभर में आज बुद्ध पूर्णिमा धार्मिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जा रही है। आज के दिन भगवान गौतम बुद्ध का जन्म, ज्ञान की प्राप्ति, और महा–परिनिर्वाण हुआ था। उन्हें बिहार के बोधगया में महाबोधि वृक्ष के नीचे ज्ञान की प्राप्ति हुई थी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुद्ध पूर्णिमा पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि भगवान बुद्ध के करुणा, अहिंसा, शांति और ज्ञान के शाश्वत संदेश संपूर्ण मानवता का मार्गदर्शन करते रहेंगे। अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार भगवान बुद्ध के आदर्शों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भगवान बुद्ध के विचार समाज में प्रसन्ता और एकता की भावना को मजबूत करेंगे।

श्रम दिवस

आज विश्वभर के श्रमिकों को सम्मानित करने के लिए श्रम दिवस मनाया जा रहा है। इसे मई दिवस के रूप में भी जाना जाता है। इस दिन विश्व भर में आर्थिक और सामाजिक अधिकारों की प्राप्ति में श्रमिकों के बलिदान को याद किया जाता है। 1886 में, अमरीका में श्रमिकों ने प्रतिदिन आठ घंटे काम करने की मांग को लेकर एक बड़ा प्रदर्शन किया। इस घटना ने अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस की शुरुआत को चिह्नित किया। 1889 में, यूरोप की कई समाजवादी पार्टियों ने पहली मई को अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया।

फैन पार्क

चंबा के ऐतिहासिक चौगान मैदान में कल 2 और 3 मई को पहली बार आईपीएल फैन पार्क का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में क्रिकेट प्रेमियों को स्टेडियम जैसा अनुभव अपने ही शहर में मिलेगा। उपायुक्त चम्बा मुकेश रेपसवाल ने बताया कि पहली बार आई पी एल फैन पार्क का आयोजन चम्बा में किया जा रहा है। इस 2 दिवसीय आयोजन के दौरान चौगान में विशाल एलईडी स्क्रीन लगाई जाएगी। इस आईपीएल सीजन में कुल 50 शहरों में फैन पार्क स्थापित किए जा रहे हैं इनमें से ऐतिहासिक चंबा शहर भी शामिल है।

आइस हॉकी

लाहौल–स्पीति के होनहार युवा खिलाड़ी तंज़िन टशी ने आइस हॉकी विश्व कप में एक बार फिर से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए देश सहित प्रदेश का नाम रोशन किया है। भारत और मकाऊ के बीच खेले गए एक अहम मुकाबले में तंज़िन टशी ने अपना दूसरा अंतरराष्ट्रीय गोल कर प्लेयर ऑफ द मैच" का खिताब अपने नाम किया । तंज़िन टशी की यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत करियर के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि लाहौल–स्पीति जैसे दूरदराज़ क्षेत्र के युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गई है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्के बादलों के बीच आज मौसम साफ है। वहीं कल भारी ओलावृष्टि व वर्षा से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है और लोगों को बढ़ती गर्मी से राहत मिली है। हालांकि शिमला, सोलन और सिरमौर सहित कई अन्य ज़िलों में ओलावृष्टि से गेहूं, जौ और मटर सहित अन्य फसलों को नुकसान पहुंचा है। मौसम विभाग ने आज और कल कुछ क्षेत्रों में हल्की वर्षा की संभावना जताई है। इसके अलावा 3 व 4 मई को अनेक स्थानों पर अंधड़ के साथ वर्षा का अलर्ट है।

....